creative nz
COMMUNITIES

स्थानीय कला के लिए निधिकरण

इससे जुड़ें

कवर
मिक्सिट रेफ़्यूजी यूथ आर्ट्स में राशिद अंसोराली। वेंडी प्रेस्टन द्वारा फ़ोटो।

यह ब्रोशर आपको यह बताता है कि क्या आपका प्रोजेक्ट Creative Communities Scheme (CCS) द्वारा निधि करने योग्य है और एक आवेदन कैसे करें।

CCS स्थानीय कला प्रोजेक्ट को निधि संबंधित सहायता करती है। हर वर्ष क्रिएटिव न्यूज़ीलैंड, शहर और जिला काउंसिल को उनके क्षेत्र में निधि संबंधी सहायता करने के लिए CCS निधि प्रदान करता है।

दाएँ
मिश्रित क्षमता वाले सर्कस वर्कशॉप। सिर्काबिलिटी द्वारा फ़ोटो।

क्या मुझे मेरे प्रोजेक्ट के लिए निधि मिल सकती है?

CCS के माध्यम से निधि प्राप्त करने के लिए आपके कला प्रोजेक्ट में निम्न में से कम से कम एक शामिल होना चाहिए:

प्रतिभागिता

स्थानीय समुदायों के लिए एक दूसरे से जुड़ने हेतु अवसर बनाएँ और स्थानीय कला सबंधी गतिविधियों में भाग लें, उदाहरण के लिए:

> समुदाय के क्वायर, हिप-हॉप ग्रूप, थिएटर कंपनियाँ, संगीतज्ञ या कवि द्वारा प्रदर्शन
> प्रिंटमेकिंग, लेखन या नृत्य पर वर्कशॉप
> स्थानीय मरे के लिए नया टुकुटुकु, व्हाकाइरो या कोव्हाइवाई का निर्माण
> बुनाई, मिट्टी के बर्तन बनाने और नक्काशी को बढ़ावा देने के स्थानीय शिल्प समूहों द्वारा प्रदर्शनियाँ
> महोत्सव जिसमें स्थानीय कलाकार शामिल होते हैं
> कोई समुदाय फ़िल्म या किसी समुदाय द्वारा एक सार्वजनिक कलाकृति का सृजन
> कलाकारों के निवास स्थान जिसमें स्थानीय कलाकार या समुदाय शामिल हैं
> स्थानीय कलाकार विकास के लिए सेमिनार

विविधता

स्थानीय समुदायों के विविध कलात्मक सांस्कृतिक परंपराओं का समर्थन करें, उदाहरण के लिए:

> माओरी या पासिफ़िका में वर्कशॉप, रिहर्सल, प्रदर्शन, महोत्सव या प्रदर्शनियाँ या कंटेम्पररी आर्ट फ़ॉर्म
> स्थानीय प्रवासी समुदायों द्वारा वर्कशॉप, रिहर्सल, प्रदर्शन, महोत्सव या प्रदर्शनियाँ
> भिन्न-भिन्न समुदायों से समूहों को एक साथ लाने वाले कला प्रोजेक्ट
> विक्लांगता या मानसिक रूप मे अस्वस्थता के अनुभव वाले समूहों द्वारा वर्कशॉप, रिहर्सल, प्रदर्शन, महोत्सव या प्रदर्शनियाँ

युवा लोग

युवा लोगों (18 वर्ष से कम) को एक दूसरे से जुड़ने और कला में भाग लेने के लिए सक्षम करें, उदाहरण के लिए:

> कोई म्यूराल या स्ट्रीट आर्ट बनाने के लिए किसी कलाकार के साथ काम रहे युवा लोगों का एक समूह
> युवा लोगों का एक समूह जो उनके लिए महत्वपूर्ण किसी समस्या के बारे में फ़िल्म बना रहा है
> युवा लोगों द्वारा लेखनों के संग्रहण की प्रिंटिंग
> युवा लोगों के लिए संगीत वर्कशॉप
> युवा लोगों द्वारा विज़ुअल कला की एक प्रदर्शनी

आपके प्रोजेक्ट को निम्न भी करना चाहिए:

> आवेदन किए जाने वाले शहर या जिले में प्रदर्शित होना चाहिए
> अनुमोदित की जाने वाली निधि प्राप्त होने के 12 महीनों के अंतर्गत पूर्ण हो जाना चाहिए
> स्थानीय समुदायों को लाभ होना चाहिए
> CCS निधि के अनुमोदित होने से पहले प्रारंभ या समाप्त नहीं होना चाहिए
> क्रिएटिव न्यूजीलैंड के अन्य कला निधिकरण प्रोग्राम के माध्यम से निधिकृत नहीं होना चाहिए

हर वर्ष योजना के माध्यम से 1,800 प्रोजेक्ट को सहायता मिलती है।

बाएँ
कोलोसे की एक प्रदर्शनी की ओपनिंग में टिवालु फ़ैटेल (नृत्य) प्रदर्शन करता हुआ ऑक्लैंड नियुताओ समुदाय: मांगेयर आर्ट सेंटर में द आर्ट ऑफ़ टुवालु क्रोशेट - नगा टोहु ओ युएउनुकु। सैम हार्टनेट द्वारा फ़ोटो।

कौन आवेदन कर सकता है

आप एकल व्यक्ति या एक समूह हो सकते हैं। व्यक्ति न्यूज़ीलैंड के नागरिक या स्थायी निवासी होने चाहिए।

अगर आपको पहले ही किसी प्रोजेक्ट के लिए CCS द्वारा निधि प्राप्त हो गई है, तो कोई दूसरा आवेदन करने से पहले आपको उस पिछले प्रोजेक्ट की रिपोर्ट देनी होगी, बशर्ते प्रोजेक्ट प्रगति में न हो।

मुझे किन लागतों के लिए निधि मिल सकती है?

> कला गतिविधियों या प्रोग्राम के लिए सामग्री
> स्थान या उपकरण किराए पर लेने हेतु
> लघु-अवधि वाले प्रोजेक्ट के लिए कर्मी और व्यवस्थापक हेतु लागतें
> कला गतिविधियों का प्रचार

मैं कितनी निधि का आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

इसकी कोई निश्चित सीमा नहीं है कि आप कितने का आवेदन कर सकते हैं, लेकिन CCS अधिकतम $2,000 तक दान करता है।

पूर्व में किन प्रकार के प्रोजेक्ट समर्थित किए गए हैं और औसतन कितनी राशि दान की गई है, इसका एक अनुमान लेने के लिए अपनी कांउसिल वेबसाइट पर पूर्व में निधिकृत प्रोजेक्ट देखें।

मैं कितनी अवधि में आवेदन कर सकता/सकती हूँ और इसकी निर्णय कैसे लिया जाता है?

स्थानीय कांउसिल हर वर्ष अधिकतम चार आवेदन राउंड करते हैं। आपका आवेदन आपके क्षेत्र के लोगों के एक मूल्यांकन समुदाय के पास जाएगा उन्हें कला और स्थानीय समुदायों के उनके ज्ञान और अनुभव के लिए नियुक्त किया जाता है।

किस प्रकार के प्रोजेक्ट को CCS निधि प्राप्त नहीं हो सकती?

> निधि एकत्रित करने संबंधी गतिविधियाँ
> गैलरी, मरे, थिएटर या अन्य स्थान या परिसर बनाने के लिए
> स्थानीय कांउसिल प्रोजेक्ट
> वे प्रोजेक्ट जो मुख्य रूप से अन्य क्षेत्र, उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य, शिक्षा या पर्यावरण और वे क्षेत्र जिनमें बहुत कम कला शामिल है, पर केंद्रित हैं
> उन स्कूल या अन्य शिक्षा संस्थाओं के कला प्रोजेक्ट जिनका मुख्य व्यवसाय कला है या जो आम तौर पर पाठ्यक्रम या ऑपरेटिंग बजट से निधि प्राप्त करते हैं

किन लागतों को निधि प्राप्त नहीं हो सकती?

> चल रहे व्यवस्थापन या कार्मिक लागतें, जो विशिष्ट प्रोजेक्ट से संबंधित नहीं हैं
> उन प्रोजेक्ट की लागतें, जो पहले से प्रारंभ हो चुके हैं या पूर्ण हो गए हैं
> अन्य क्षेत्रों में हो रहे प्रदर्शनों या प्रदर्शनियों को देखने के लिए यात्रा की लागतें
> भोजन या रीफ़्रेशमेंट लागतें
> कंप्यूटर, कैमरा, संगीत वाद्ययंत्र, परिधान, लाइट या पोशाकें जैसे उपकरण खरीदने के लिए

जारी है...

अगले चरण

अपनी काउंसिल वेबसाइट पर निम्न के लिए
'Creative Communities Scheme' खोजें:

> एक आवेदन फ़ॉर्म

> एक आवेदन मार्गदर्शिका

> समाप्ति तिथि

आवेदन कैसे करना है, इस पर सलाह के लिए आप अपने स्थानीय काउंसिल को कॉल करके Creative Communities Scheme व्यवस्थापक से बात करने के लिए भी कह सकते हैं।

किन लागतों का समर्थन नहीं किया जा सकता? (जारी)

> प्रतियोगिताओं, कॉन्टेस्ट और परीक्षाओं का प्रवेश शुल्क

> प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार राशि, पुरस्कार और न्यायाधीशों का शुल्क

> रॉयल्टी

> संग्रहण के लिए कलाकृतियों को खरीदने के लिए

> ऋण या ऋण पर ब्याज

दाएँ
मिक्सिट, एक ऑकलैंड में स्थित समुदाय, जो रेफ़्यूजी, प्रवासी और स्थानीय युवाओं को रचना के माध्यम से एक साथ लाता है। एला बेक्रोफ़्ट द्वारा फ़ोटो।